उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन
2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882
ई-मेल-registrar@hmbup.in

पत्रांक : 481/एच0एम0बी0/2024 दिनांक 02/07/2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त डी0एच0पी0 कालेज
(शैक्षणिक सत्र 2023-25)

द्वारा- बोर्ड वेबसाइट
अनुस्मारक पत्र

विषयः- भेषजिक डी0एच0पी0 सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि शासन के पत्र संख्या-1372/71-आयुष-2-2015-92/96 टी0सी0, दिनांक 21 दिसम्बर, 2015 एवं पत्र संख्या-1842(1)/71-आयुष-2-2015-92/96टी0सी0, दिनांक 21 दिसम्बर, 2015 के द्वारा जारी अधिसूचना में निहित निर्देशों के क्रम में डी0एच0पी0 पाठ्यक्रम में प्रवेश आदि की कार्यवाही संचालित की जाती है। इसी क्रम में सत्र 2023-25 में प्रदेश के सम्बन्धित जनपदों के जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारियों के सत्यापन के आधार पर निर्धारित मानक के अनुसार 181 कालेजों को अर्ह पाया गया था व उक्त सत्र में कुल 173 कालेजों द्वारा अपनी संस्थाओं में छात्रों का प्रवेश लिये एवं पाठ्यक्रम संचालित कराया जा रहा है। उपरोक्त आदेशों में उल्लिखित शर्तो के अधीन विगत वर्ष में पाठ्यक्रम संचालन हेतु अर्ह पाये गये संस्थाओं में ही वर्तमान वर्ष 2024-26 सत्र का पाठ्यक्रम संचालित किये जाने सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित किया जाना है। **इस सम्बन्ध में बोर्ड कार्यालय के पत्रांक 303/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 27.05.2024 द्वारा उक्त कार्य को दिनांक 20.06.2024 से बढ़ाते हुए दिनांक 10.07.2024 तक बढ़ाया जाता है।**

अतः आप सभी से अनुरोध है कि सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम संचालन के सम्बन्ध में अपने कालेज से सम्बन्धित समस्त गतिविधियों को कालेज के लॉगिन पोर्टल पर दिनांक 10.07.2024 तक अनिवार्य रूप से अपलोड एवं अपडेट करने का कष्ट करे, जिससे सक्षम स्तर से उक्त के सत्यापन के उपरान्त सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम संचालन के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके। उक्त निर्धारित तिथि तक यदि उक्त कार्य पूर्ण नही किया जाता है तो इस सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक की होगी।

भवदीय,
02/07/2024
(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार

<u>प्रतिलिपि को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ।
2. प्रबन्धक, बोर्ड की कार्यदायी संस्था यू0पी0 डेस्को (ओमनी-नेट) से अनुरोध है कि सम्बन्धित कालेज का लॉगिन पर सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम संचालन के सम्बन्ध में पोर्टल पर व्यवस्था करने का कृष्ट करें।
3. गार्ड फाइल।

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार